हिन्दुस्तान
शुक्रवार, 27 मई 2022
04
www.livehindustan.com

# चंदावली में जागरुकता अभियान चलाया

फरीदाबाद। बल्लबगढ़ स्थित अग्रवाल महाविद्यालमें गुरुवार को यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के बैनर तले गोद लिए गए गांव चंदावली में हेल्थ एवं हाइजीन विषय पर जागरुकता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के निर्देशों पर चलाए गए इस अभियान में स्वयंसेवकों ने सबसे पहले स्वच्छता को लेकर जागरूक किया। वहीं घरों में डस्टबिन रखने और इनका उपयोग करने की भी सलाह दी गई। बारिश के मौसम में डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों से बचने को मच्छरों से बचाव को उपाय बताए गए।